इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पण्डरिया, जिला – कबीरधाम (छ.ग.)

Azim Premji Scholarship – लड़कियों के लिए कॉलेज शिक्षा सहायता योजना

क्या है योजना:

* ₹30,000 प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति पूरे अंडरग्रेजुएट डिग्री/डिप्लोमा (2–5 वर्ष) की अवधि के लिए।

* उद्देश्य: वंचित पृष्ठभूमि की लड़कियों को कॉलेज शिक्षा पूरी करने में मदद।

कौन कर सकता है आवेदन:

1. लड़कियाँ जिन्होंने कक्षा 10 और 12 सरकारी स्कूल/कॉलेज से नियमित छात्रा के रूप में पास किया हो।

2. अकादमिक सत्र 2025–26 में पहली बार स्नातक डिग्री या डिप्लोमा (2–5 वर्ष) के पहले वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो।

3. कॉलेज/विश्वविद्यालय भारत के किसी भी राज्य में हो सकता है, पर मान्यता प्राप्त सरकारी या विश्वसनीय निजी संस्थान होना चाहिए।

लागू राज्य/केंद्रशासित प्रदेश:

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड

आवश्यक दस्तावेज़ (सभी दस्तावेज़ केवल ऑनलाइन अपलोड करें):

1. पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (2x2 inch) – हाल की, बिना फिल्टर/इमोजी/अन्य व्यक्ति के।

2. हस्ताक्षर – सफेद पेपर पर साफ-सुथरा हस्ताक्षर।

3. आधार कार्ड (फ्रंट साइड) – रंगीन, स्पष्ट, बिना पासवर्ड-प्रोटेक्टेड/एडिटिंग के।

4. बैंक पासबुक/स्टेटमेंट – पहले पेज की साफ कॉपी जिसमें खाता धारक का नाम, खाता नंबर, IFSC, ब्रांच का नाम साफ दिखे। खाता Scheduled Commercial Bank का और सक्रिय (Active) होना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

5. कक्षा 10 मार्कशीट – फ्रंट साइड की साफ और अनएडिटेड कॉपी।

6. कक्षा 12 मार्कशीट – फ्रंट साइड की साफ और अनएडिटेड कॉपी।

7. कॉलेज एडमिशन प्रूफ – Bonafide Certificate या Tuition Fee Receipt जिसमें नाम, कॉलेज का नाम, कोर्स का नाम, कोर्स की अवधि, वर्ष, स्टार्ट डेट, अकादमिक ईयर आदि साफ-साफ लिखा हो।

महत्वपूर्ण जानकारी:

* कोई आवेदन शुल्क नहीं (NO FEE)

* मेरिट के आधार पर चयन नहीं होगा, बस योग्यता शर्तें पूरी होनी चाहिए।

* आयु सीमा नहीं है, पर बाकी शर्तें ज़रूरी हैं।

* आवेदन केवल वेबसाइट के माध्यम से ही किया जा सकता है।

आवेदन का तरीका:

1. वेबसाइट पर जाएँ।https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/ (आवेदन 10 सितम्बर 2025 से शुरू होंगे, Last Date: 30 Sep 2025)

2. मांगे गए सभी दस्तावेज़ अपलोड करें।

3. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरकर सबमिट करें।

कृपया यह जानकारी योग्य छात्राओं तक ज़रूर पहुँचाएँ ताकि अधिक से अधिक लड़कियाँ इसका लाभ ले सकें। याद रहे दुसरे साल में छात्रवृत्ति पाने के लिए फिर से आवेदन करना होगा, खुद ब खुद रीन्यूवल नहीं होगा

Scanned with OKEN Scanner